# बीएचईएल ने रोसोबोरोनेक्सपोर्ट, रूस के साथ समझौता ज्ञापन किया




नई दिल्ली, 12 फरवरी: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने लखनऊ में आयोजित 5 वें भारत रूस सैन्य औद्योगिक सम्मेलन के दौरान संयुक्त स्टॉक कंपनी रोसोबोरोनेक्सपोर्ट, रूस के साथ एक समझौता ज्ञापन किया।

समझौता ज्ञापन का उद्देश्य रक्षा प्रणालियों के लिए संयुक्त परियोजनाओं को आरंभ करना और संचालन में सहयोग करना है। यह 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत रूसी ओईएम के साथ रक्षा क्षेत्र में बीएचईएल की ताकत / क्षमताओं का लाभ उठाने में मदद करेगा और भारतीय रक्षा बलों को स्वदेशी आधार और समाधान प्रदान करेगा।